आकाशवाणी शिमला

12.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश में पंचायतीराज चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी– 80 हजार एक सौ 53 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन।
- चिट्टे के खिलाफ राज्य सरकार ने अपनाया सख्त रूख– चिट्टा मुक्त अभियान के दूसरे चरण के साथ ही नशे के खिलाफ लिए कई अहम निर्णय।
- प्रदेश में चार नगर निगम चुनावों को लेकर प्रचार तेज– भाजपा और कांग्रेस नगर निगमों के लिए अलग–अलग जारी करेगी घोषणा पत्र।
- मंडी जिला में विभिन्न क्षेत्रों में नशे के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी।
- लाहौल स्पीति में सुबह से रूक–रूक कर बर्फबारी का क्रम जारी–मौसम विभाग ने 10 जिलों में वर्षा व तूफान की जताई संभावना।

नामांकन

प्रदेश में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने के के अंतिम दिन कल 37 हजार 5 सौ 91 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इन चुनावों के लिए कुल 80 हजार एक सौ 53 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल किए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कांगड़ा जिला में सबसे अधिक 14 हजार 5 सौ 90 नामांकन दर्ज किए गए हैं जबकि लाहौल स्पीति में सबसे कम 4 सौ 93 नामांकन प्राप्त हुए हैं। चुनाव प्रक्रिया में नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी जबकि 14 और 15 मई को नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। 15 मई को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। प्रदेश की 3 हज़ार 7 सौ 54 पंचायतों में 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में मतदान करवाये जाने हैं। नगर पंचायत नारकंडा में सभी पदों पर एक–एक ही नामांकन दर्ज किए गए हैं जिससे नारकंडा प्रदेश का पहला निर्विरोध निर्वाचित शहरी निकाय बन सकता है।

मुख्यमंत्री

हिमाचल में चिट्टे के खिलाफ सरकार ने सख्त रूख अपनाया है और पहली जून से चिट्टा मुक्त अभियान के दूसरे चरण को आरंभ करने की घोषणा की है। शिमला में एक पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने बताया कि देशभर में पीआईटी–एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई में हिमाचल पहले नंबर पर आया है। उन्होंने बताया कि इस एक्ट के तहत देशभर में दर्ज मामलों में 33 प्रतिशत से अधिक कार्रवाई के मामले हिमाचल के हैं। नशे को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की 2 सौ 34 पंचायतों को नशे की संलिप्तता के आधार पर चिन्हित

किया गया है जहां विशेष नशा जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि चिट्टे में संलिप्त एक सौ 23 कर्मचारियों में से 31 को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है जबकि 90 और सरकारी कर्मचारियों पर जल्द कार्रवाई होगी।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर मंडी की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार के दौरान जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मंडी में विकास कार्यों को गति देने के बजाय पूर्व भाजपा सरकार द्वारा आबंटित 15 करोड़ रूपए को सरकार ने वापिस लेकर दूसरी जगहों पर खर्च किया है जिससे स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता में विकास नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है।

——बाईट—जयराम ठाकुर——

मंडी में भारतीय जनता पार्टी पिछली बार भी नगर निगम बनाने में सफल हुई है और अबकी बार भी सफल होगी बहुत बड़े बहुमत के साथ। कांग्रेस की सरकार ने जिस प्रकार मंडी को और पूरे हिमाचल प्रदेश को नज़र अंदाज किया है, विकास कार्यों की दृष्टि से मंडी को एक बार नहीं अनेक बार जलालत की है। लोग जो हैं वो बहुत गुस्से में हैं वर्तमान कांग्रेस सरकार के खिलाफ और निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी यहां पर बहुत बड़े बहुमत से जीतेगी।

अनिरूद्ध सिंह

पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने शिमला जिला से कांग्रेस समर्थित पंचायत समिति और जिला परिषद प्रत्याशियों की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने क्षेत्र के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है जिस वजह से इन चुनावों में कांग्रेस विकास के नाम पर वोट मांग रही है जबकि भाजपा व इनके नेताओं ने विकास को नज़रअंदाज किया और विकास कार्यों में अड़चने खड़ी की हैं।

इलैक्शन हमेशा पार्टी सिंबल पर नहीं इंडेपेंडेंट हुए हैं, लेकिन इस बार भाजपा ने एज़ ए स्ट्रेटर्जिक मूव पूरे स्टेट में जो है अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। कांग्रेस ने भी अपने उम्मीदवार लोकल, एमएलए, ब्लॉक और जिला लेवल पर अपने कैंडिडेट उतारे हैं। पिछले पांच साल की अगर मैं बात करूं भाजपा सरकार की तो वो दो तीन काम की गिना दें। कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र और शिमला में हर जगह हम लोग बहुत अच्छे बहुमत से कांग्रेस के जिला परिषद और बीडीसी चेयरमेन और सदस्य भी बनाएंगे।

भाजपा प्रचार

प्रदेश में हो रहे चार नगर निगमों के चुनाव को लेकर भाजपा आज अलग–अलग संकल्प पत्र लाएगी। भाजपा ने स्पष्ट किया है कि ये केवल चुनावी घोषणा पत्र नहीं बल्कि सभी नगर निगमों के क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विजन डॉक्यूमेंट होगा। संकल्प पत्र आज भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान जारी किए जाएंगे जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सोलन में, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मंडी में, भाजपा उपाध्यक्ष विपिन परमार पालमपुर में और प्रदेश उपाध्यक्ष पवन काजल धर्मशाला में संकल्प पत्र प्रस्तुत करेंगे। पार्टी ने दावा किया है कि नगर निगम चुनाव में जनता विकास, पारदर्शिता व जवाबदेही की राजनीति को चुनते हुए भाजपा को समर्थन देगी।

कांग्रेस प्रचार

नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने भी प्रचार अभियान तेज कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य व प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल चार नगर निगमों के चुनाव प्रचार के लिये कल आज से प्रदेश दौरे पर रहेंगी। रजनी पाटिल आज सोलन में पार्टी का मेनिफेस्टो जारी करेगी और रोड शो के माध्यम से मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की अपील करेंगी। कल 13 मई को रजनी पाटिल मंडी, 14 मई को पालमपुर और 15 मई को धर्मशाला नगर निगम चुनाव के लिए रोड शो और चुनाव प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी।

कार्रवाई

मंडी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में नशे के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने करीब 6 हजार अफीम के पौधे और 5 सौ ग्राम से अधिक चरस बरामद की गई और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिला में नशे के विरूद्ध चल रहे जीरो टॉलरेंस अभियान को लेकर पेश है

*मंडी जिला के औट, बल्ह और सदर थाना क्षेत्रों में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अफीम की खेती और चरस तस्करी के मामलों का खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान कुल पांच हजार नौ सौ इकहत्तर अफीम के पौधे और पांच सौ उनतीस ग्राम चरस बरामद की गई, जबकि तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस थाना औट के तहत गांव धलूट के दुर्गम क्षेत्र में करीब दस बिस्वा भूमि पर अवैध रूप से उगाई जा रही अफीम की खेती पकड़ी गई, जहां से तीन हजार दो सौ बीस पौधे बरामद किए गए। वहीं दूसरी कार्रवाई में इसी गांव में करीब नौ बिस्वा भूमि से दो हजार सात सौ इक्यावन अफीम के पौधे बरामद हुए। पुलिस ने दोनों जगहों से पौधों को कब्जे में लेकर नियमानुसार नष्ट कर दिया और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक मंडी टपदवक झनउंत ने बताया कि सभी मामलों में नियमानुसार जांच जारी*

*है और नशे के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।आकाशवाणी समाचारों के लिए मंडी से मैं मुनीष शर्मा।*

राजीव बिंदल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव. बिंदल ने नाहन के समीप कोलार गाँव में अज्ञात हमलावरों दो लोगों पर हुए हमले को लेकर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था चरमराने के कारण ही लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही है। बिंदल ने कहा कि कालाअंब और पांवटा साहिब क्षेत्र में टिप्परों की आवाजाही अनियंत्रित है जिससे आय दिन टिप्पर चालकों और आम लोगों में ऐसी झड़प हो रही हैं। उन्होंने सरकार से 24 घंटे के भीतर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में आज दिन की शुरूआत हल्के बादलों के साथ हुई है जबकि लाहौल स्पीति में सुबह से रूक–रूक कर बर्फबारी का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में ऑरेंज अलर्ट जबकि ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा और सोलन जिलों के लिए वर्षा व ओलावृष्टि के साथ तूफान आने का यलो अलर्ट जारी किया है।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। मुख्यमंत्री के हवाले से अमर उजाला ने सुर्खी दी है हिमाचल में सरकारी नौकरी के लिए अब एंटी चिट्टा टेस्ट होगा अनिवार्य। दैनिक जागरण का शीर्षक है कॉलेजों में प्रवेश व सरकारी नौकरी से पहले अनिवार्य होगा डोप टेस्ट।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है चिट्टे को लेकर 2 सौ 34 पंचायतें रेड जोन में।

छह महीने बाद फिर शुरू हुई दिल्ली–शिमला–धर्मशाला सस्ती हवाई सेवा शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है सप्ताह में छह दिन चलेंगी सेवाएं।

दिव्य हिमाचल व हिमाचल दस्तक की एक खबर है चंबा की ककीरा में गिरी गुजरात के पर्यटकों की गाड़ी, छह की मौत, चार घायल।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में पंचायतीराज चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी– 80 हजार एक सौ 53 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन।
- चिट्टे के खिलाफ राज्य सरकार ने अपनाया सख्त रूख– चिट्टा मुक्त अभियान के दूसरे चरण के साथ ही नशे के खिलाफ लिए कई अहम निर्णय।
- प्रदेश में चार नगर निगम चुनावों को लेकर प्रचार तेज– भाजपा और कांग्रेस नगर निगमों के लिए अलग–अलग जारी करेगी घोषणा पत्र।
- मंडी जिला में विभिन्न क्षेत्रों में नशे के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी।
- लाहौल स्पीति में सुबह से रूक–रूक कर बर्फबारी का क्रम जारी–मौसम विभाग ने 10 जिलों में वर्षा व तूफान की जताई संभावना।